पजांब केसरी 6-3-2026

अब बी.एससी. नर्सिंग में प्रवेश का आधार बन सकती है नीट (यू.जी.) परीक्षा : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 5 मार्च (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि अब सत्र 2026-27 से नीट (यू.जी.) परीक्षा बी.एससी. नर्सिंग में प्रवेश का आधार बन सकती है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशक द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार सरकार ने फैसला किया है कि सत्र 2026-27 के लिए बी.एससी. नर्सिंग, फिजियोथैरेपी और पैरामैडीकल स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट (यू.जी.) पास करना अनिवार्य होगा। इस सार्वजनिक सूचना का उद्देश्य है कि हरियाणा सरकार नर्सिंग, फिजियोथैरेपी और पैरामैडीकल के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट (यू.जी.) की मेरिट के आधार पर विचार कर रही है।

इसका मतलब है कि सत्र 2026-27 के लिए अगर कोई छात्र-छात्रा इन कोर्सों में एडमिशन लेना चाहते हैं तो उनको नीट परीक्षा देनी होगी। नीट (यू.जी.) के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम 8 मार्च 2026 है।